**Ministry of Skill Development and Entrepreneurship (MSDE)**

**Summary for the month of December, 2019**

Important events for the month of December, 2019 are as follows:

(a) Progress under Skills Acquisition and Knowledge Awareness for Livelihood (SANKALP) programme:

- Consultative workshops on Capacity Building and District Planning conducted across three States, viz. Maharashtra, Uttar Pradesh and Tamil Nadu;
- The 1st Inter Ministerial Expert Committee meeting was held on 20.12.2019 for reviewing QP-NOS (Qualification Packs and National Occupational Standards) through the lens of Gender, Green jobs and Persons with Disabilities;
- Gender Action Plan (GAP) developed for greater inclusion of Women in Skill Development programme;
- A total of Rs. 58.79 crores released as State grants to 3 States, namely Rajasthan (Rs.15.66 Cr), Uttarakhand (Rs. 3.40 Cr) and Uttar Pradesh (Rs. 39.73 Cr) for implementation of SANKALP Scheme;
- A disbursement claim of USD 17.91 million has been processed and approved by the World Bank.

(b) Skilling in mountaineering and adventure related activities: A meeting was held on 20.12.2019 in Uttarkashi, Uttarakhand wherein the Delegates from Uttarakhand State Govt, Nehru Mountaineering Institute, Baun Engineering College and National Skill Development and Corporation (NSDC) were present. Several key points were discussed in the meeting including Tourism and Hospitality Sector Skill Council (SSC) to take lead in implementation of the RPL (Recognition of Prior Learning) projects as PIA (Project Implementation Agency) and Indian Mountaineering Federation to become the RPL facilitator for the Tourism and Hospitality SSC. Further, discussions were also held on feasibility of opening a Skill University at Baun Engineering College, Uttarakhand.

(c) Ayushman Bharat Yojana: To facilitate the skilling of Arogya Mitras for the Ayushman Bharat Yojna, e-learning content has been created in English, Hindi and Malayalam and made available for free access and learning through https://eskillindia.org. Further, around 35 hours of free e-learning courses have been enabled and a free book is also made available for the skilling of Arogya Mitras.

(d) Special Project by National Institute for Entrepreneurship and Small Business Development (NIESBUD) under MSDE on women entrepreneurship: A special project to train 100% women candidates and then help them to establish as successful entrepreneurs post completion of training was started by NIESBUD. The Project was approved for training of 10,000 beneficiaries in 11 Job Roles from Apparel Made-Ups Home Furnishing Sector Skill Council (AMHSSC) and Beauty & Wellness Sector Skill Council (B&WSSC) on Pan India basis. Project has been successfully onboarded on Skill India Portal with 39 centres and 3 batches created on 30.12.2019.

(e) Progress under Skill Strengthening for Industrial Value Enhancement (STRIVE):

- Three Capacity building workshops were organized on STRIVE for 68 Industrial Training Institutes (ITIs) and 7 state implementation teams;
- 644 officials trained under NSQF (National Skills Qualifications Framework) compliance training during the month. Till date 13,394 have been trained under NSQF;
- Meeting was held with World Bank Team on 03.12.2019 at Kaushal Bhawan for supporting curriculum and content development process by engaging an external expert;
- Discussions were held with the World Bank Team and State Govt. of Haryana on 09.12.2019 at World Bank Office, Lodhi Road, Delhi for finalization of content and questionnaire for pilot tracer study tools in Haryana;
- Technical Evaluation Committee met for hiring of Independent Verification Agency under STRIVE.

********

**<u>कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई)</u>**

**दिसंबर, 2019 के लिए मासिक सारांश**

<u>दिसंबर, 2019 माह के महत्वपूर्ण कार्यक्रम इस प्रकार हैं:</u>

(क) <u>आजीविका संवर्धन हेतु कौशल अर्जन तथा ज्ञान जागरूकता (संकल्प) कार्यक्रम के अंतर्गत प्रगति:</u>

- क्षमता निर्माण और जिला योजना पर तीन राज्यों अर्थात महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में परामर्शी कार्यशालाएं आयोजित;
- लेंस ऑफ जेंडर, ग्रीन जॉब्स एंड दिव्यांगों के माध्यम से क्यूपी एनओएस (अर्हता पैक और राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक) की समीक्षा के लिए 20.12.2019 को प्रथम अंतर मंत्रालयी विशेषज्ञ समिति की बैठक आयोजित हुई;
- अधिक से अधिक महिलाओं को कौशल विकास कार्यक्रम में शामिल करने के लिए जेंडर एक्शन प्लान (जीएपी) तैयार किया गया;
- संकल्प स्कीम को लागू करने के लिए 3 राज्यों अर्थात् राजस्थान (15.66 करोड़ रुपए), उत्तराखंड (3.40 करोड़ रुपए) और उत्तर प्रदेश (39.73 करोड़ रुपए) को कुल 58.79 करोड़ रुपए राज्य अनुदान स्वरुप जारी किए गए;
- 17.91 मिलियन अमरीकी डालर के संवितरण दावे को विश्व बैंक द्वारा संसाधित और अनुमोदित कर दिया गया है।

(ख) <u>पर्वतारोहण और साहसिक गतिविधियों में कौशलीकरण:</u> उत्तराखंड के उत्तरकाशी में 20.12.2019 को एक बैठक आयोजित हुई, जिसमें उत्तराखंड राज्य सरकार, नेहरू पर्वतारोहण संस्थान, बॉन इंजीनियरिंग कॉलेज और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र कौशल परिषद (एसएससी) सहित अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई ताकि परियोजना कार्यान्वयन एजेन्सी (प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटेशन एजेंसी) और भारतीय पर्वतारोहण महासंघ के लिए पर्यटन और आतिथ्य एसएससी आरपीएल सुविधा के रूप में आरपीएल (पूर्व शिक्षण मान्यता) परियोजनाओं को कार्यान्वित किया जा सके। इसके अतिरिक्त उत्तराखंड के बून इंजीनियरिंग कॉलेज में एक कौशल विश्वविद्यालय खोलने की व्यवहार्यता पर भी चर्चा हुई।

(ग) <u>आयुष्मान भारत योजना:</u> आयुष्मान भारत योजना के लिए आरोग्य मित्र के कौशल को सुविधाजनक बनाने के लिए अंग्रेजी, हिंदी और मलयालम में ई-लर्निंग सामग्री का निर्माण किया गया है और https://eskilllindia.org के माध्यम से मुफ्त पहुंच और शिक्षण के लिए

उपलब्ध कराया गया है। इसके अतिरिक्त लगभग 35 घंटे मुफ्त ई-लर्निंग पाठ्यक्रम अधिकृत किए गए हैं और आरोग्य मित्र कौशल हेतु मुफ्त पुस्तक भी उपलब्ध कराई गई है।

(घ) <u>महिला उद्यमशीलता पर एमएसडीई के अंतर्गत राष्ट्रीय उद्यमशीलता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निस्बड) द्वारा विशेष परियोजना:</u> निस्बड द्वारा 100% महिला उम्मीदवारों को प्रशिक्षित करने और फिर प्रशिक्षण अपरांत उन्हें सफल उद्यमी के रूप में स्थापित करने में मदद करने के लिए विशेष परियोजना शुरू की गई। अखिल भारतीय स्तर पर ऐपरल मेड-अप्स होम फर्निशिंग सेक्टर स्किल काउंसिल (एएमएचएसएससी) और ब्यूटी एंड वेलनेस सेक्टर स्किल काउंसिल (बी एंड डब्ल्यू एसएससी) से 11 जॉब रोल्स में 10,000 लाभार्थियों के प्रशिक्षण परियोजना को मंजूरी दी गई । कौशल भारत पोर्टल पर 30.12.2019 को बनाए गए 39 केंद्रों और 3 बैचों के साथ इस परियोजना को सफलतापूर्वक चढ़ा दिया गया है।

(ङ) <u>औद्योगिक मूल्य संवर्धन के लिए कौशल सुदृढीकरण के अंतर्गत प्रगति(स्ट्राइव):</u>

- 68 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) और 7 राज्य कार्यान्वयन टीमों के लिए स्ट्राइव पर तीन क्षमता निर्माण कार्यशालाएं आयोजित की गईं;
- माह के दौरान एनएसक्यूएफ (राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क) अनुपालन प्रशिक्षण के अंतर्गत 644 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। अब तक 13,394 को एनएसक्यूएफ के अंतर्गत प्रशिक्षित किया गया है;
- विश्व बैंक टीम के साथ दिनांक 03.12.2019 को कौशल भवन में बाहरी विशेषज्ञ के साथ पाठ्यक्रम और सामग्री तैयार करने की प्रक्रिया के लिए बैठक आयोजित हुई;
- हरियाणा में पायलट ट्रेसर स्टडी टूल्स के लिए सामग्री और प्रश्नावली को अंतिम रूप देने के लिए विश्व बैंक टीम और हरियाणा राज्य सरकार के साथ विश्व बैंक कार्यालय, लोदी रोड, दिल्ली में दिनांक 09.12.2019 को विचार-विमर्श किया गया;
- स्ट्राइव के अंतर्गत स्वतंत्र सत्यापन एजेंसी हायर करने के लिए तकनीकी मूल्यांकन समिति ने बैठक की।

*******